# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 ........../2026**

**(1) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त विद्यार्थियों का मूल पंजीयन कार्ड जारी करने,**

**(2) विद्यालय के प्रधान द्वारा मूल पंजीयन कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को प्राप्त कराने तथा**

**(3) दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026 तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त सभी विद्यार्थियों का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0– 168/26, एवं 186/26 के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों के सुधार हेतु तथा **डमी पंजीयन कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर कर समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने** हेतु अवसर दिया गया था। उक्त विज्ञप्तियों के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया था :–

> ***"इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए सूचीकृत/पंजीकृत वैसे विद्यार्थी जिनका अपना, माता/पिता/अभिभावक एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाएगा, उन्हें इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2027 एवं माध्यमिक वार्षिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं तद्नुसार उनका प्रवेश पत्र भी निर्गत नहीं किया जाएगा।"***

तदालोक में सत्र 2026–27 के माध्यमिक के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

**1.1** उक्त के आलोक में शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, सिर्फ उन विद्यार्थियों का ही मूल पंजीयन कार्ड समिति के वेबसाइट https://www.biharboardonline.org/ पर अपलोड किया गया है। इसके साथ ही उक्त वेबसाइट पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी अपलोड कर दिया गया है।

**2.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए दो प्रकार के आवेदन पत्र का प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जो निम्नवत है :–

(i) **सत्र 2026–27 के लिए पंजीकृत नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों के लिए:–** यह प्रपत्र दो खण्डों यथा– खण्ड–A एवं खण्ड–B में है। खण्ड–A में क्रमांक 01 से 16 तक विद्यार्थी का विवरण भरा हुआ है, जो विद्यार्थी के पंजीकरण विवरणों के आधार पर है। उसमें विद्यार्थी द्वारा कोई भी छेड़–छाड़/परिवर्तन नहीं किया जाना है। यदि विद्यार्थी को अपार आईडी (APAAR ID) आवंटित है, किन्तु क्रमांक संख्या– 7 में यह अंकित नहीं है, तो इसे अंकित किया जायेगा। विद्यार्थी द्वारा मात्र खण्ड–B में क्रमांक 17 से 35 तक के विवरणों को भरा जाना है।

(ii) **सत्र 2026–27 के पूर्व के सत्रों के पंजीकृत एवं पात्र पूर्ववर्ती, कम्पार्टमेन्टल, समुन्नत एवं एकल विषय अंग्रेजी कोटि के विद्यार्थियों के लिए:–** यह प्रपत्र एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) है, जिसका उपयोग पूर्व सत्रों के पंजीकृत उन विद्यार्थियों के द्वारा किया जाना है, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी, कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी एवं एकल विषय अंग्रेजी कोटि के परीक्षार्थी के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होना चाहते हैं। यदि विद्यार्थी को अपार आईडी (APAAR ID) आवंटित है, तो क्रमांक संख्या– 7 में अंकित किया जायेगा।

**3.** विद्यालय के प्रधान समिति के उक्त वेबसाईट से **मूल पंजीयन कार्ड** एवं **परीक्षा आवेदन प्रपत्र** डाउनलोड कर अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यार्थियों द्वारा पंजीयन कार्ड में अंकित विवरणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **दो प्रति में अपने विद्यालय के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमें से एक प्रति पर विद्यालय प्रधान अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए विद्यार्थियों को वापस कर देंगे, ताकि विद्यार्थियों के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति विद्यालय के प्रधान के पास संधारित रहेगा। विद्यालय के प्रधान विद्यार्थियों द्वारा जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये विवरण के आधार पर अपने विद्यालय में** संधारित अभिलेख से भली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गये विवरण सही है। तत्पश्चात **दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026** तक की अवधि में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करते हुए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाना सुनिश्चित करेंगे।

4. विशेष रूप से ध्यातव्य हो कि इस निर्धारित अवधि (दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026 तक) के तहत यह व्यवस्था की गई है कि विद्यालय के प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क मात्र दिनांक 25.08.2026 से 15.09.2026 तक की अवधि में ही जमा किये जायेगें तथा उनके द्वारा जिन विद्यार्थियों का शुल्क जमा कर दिया जाएगा, उनका परीक्षा आवेदन ऑनलाइन दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026 तक की अवधि में कभी भी भरा जाएगा।

4.1 किसी कारणवश शुल्क जमा करने के बावजूद किसी विद्यार्थी का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरना छूट जाता है, तो परीक्षा आवेदन हेतु शुल्क जमा करने के लिए निर्धारित तिथि 15.09.2026 के बाद अगले एक दिन अर्थात् दिनांक 16.09.2026 तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जा सकेगा।

4.2 इस तरह वर्णित इस व्यवस्था से विद्यालय प्रधान को शुल्क जमा किये गये विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु अतिरिक्त एक दिन का अवसर मिलेगा।

5. परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–17 में अभ्यर्थी का आधार नंबर अंकित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को आधार कार्ड/नंबर आवंटित नहीं हुआ है, तो इस आशय की घोषणा कॉलम–18 में अनिवार्य रूप से की जाएगी। इसके विषय में परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–17 एवं 18 में स्पष्ट निदेश अंकित है।

6. यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/ संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान विद्यार्थी एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

7. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है:–

| मद | सामान्य कोटि के लिए | आरक्षित कोटि SC, ST & EBC (BC-I) के लिए |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क | 70.00 | 70.00 |
| परीक्षा शुल्क | 115.00 | – |
| विविध शुल्क | 430.00 | 430.00 |
| अंक पत्र शुल्क | 170.00 | 170.00 |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 110.00 | 110.00 |
| विज्ञान आन्तरिक शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 55.00 | 55.00 |
| **कुल** | **950.00** | **835.00** |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला विषय में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | 30.00 | 30.00 |
| ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग विद्यालय प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | 30.00 | 30.00 |
| **कुल** | **1010.00** | **895.00** |

**नोटः 1. ऑनलाईन शुल्क (रु० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

**2.** बेटरमेन्ट एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है, जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है।

**3.** माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती/कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 110.00 रूपये, विज्ञान आन्तरिक शुल्क 55.00 रुपये एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क 30.00 रुपये देय नहीं है।

8. परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तंभों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

9. **नियमित (Regular) एवं स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए :–** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों, जिन्हें सत्र 2026–2027 के लिए पंजीकृत किया गया है तथा जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड किया गया है,

उनका मूल पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इन विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन मद में निर्धारित शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन विद्यालयों के प्रधान द्वारा भरा जाएगा। ऐसे पंजीकृत विद्यार्थियों का डाटा संबंधित विद्यालय के यूजर आई०डी० पोर्टल पर उपलब्ध एवं अपलोड रहेगा। इसके अनुसार संबंधित परीक्षार्थी, जिसका परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जाना है, उसके नाम के सामने अंकित बॉक्स में क्लिक करते हुए Select कर विद्यालय के प्रधान संबंधित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरेंगे।

**10. बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के परीक्षार्थियों के इंटरमीडिएट के अनुरूप परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षाफल प्रकाशित किये जाने के संबंध में आवश्यक निदेश** :–

(i) **बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में परीक्षा आवेदन भरने के संबंध में** :– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के विद्यार्थियों का गत् वर्ष की भांति इंटरमीडिएट के अनुरूप ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जायेगा।

(ii) वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026/माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में उत्तीर्ण विद्यार्थी ही अपने किसी एक या एक से अधिक या सभी उत्तीर्ण विषयों में परीक्षाफल बेटरमेन्ट (समुन्नत) करने के लिए बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित होना चाहते हों, तो अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से बेटरमेन्ट (समुन्नत) के रूप में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि में पूर्व के उत्तीर्ण विषय/विषयों में परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है अर्थात् विद्यार्थी उसी विषय/विषयों की बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसमें वे पूर्व से उत्तीर्ण हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है।

(iii) इंटरमीडिएट में उत्तीर्णता वर्ष के ठीक अगले वर्ष (Immediate Succeeding Year) की वार्षिक परीक्षा में वैसे परीक्षार्थी को सम्मिलित होने का प्रावधान है, एक वर्ष Gap के बाद नहीं, जिसके अनुसार माध्यमिक परीक्षार्थियों के लिए भी व्यवस्था की गयी है। इस आधार पर वर्ष, 2026 से पूर्व के माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 की परीक्षा में बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के रूप में सम्मिलित नहीं होंगे।

(iv) बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति लेने का प्रावधान है, जो स्वतः देय होगी। इसके लिए विद्यालय प्रधान के द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति शुल्क भी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा।

(v) बेटरमेन्ट (समुन्नत) कोटि के विद्यार्थी के लिए विद्यालय प्रधान अपने पूर्व यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के आधार पर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन कर Fill Exam Form Menu में जाकर Student Category Option Select करेंगे। इसके बाद संबंधित विद्यार्थियों का पूर्ण विवरण पोर्टल पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। इस विवरण में विद्यार्थी का गत वर्ष की परीक्षा विवरणी यथा– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026/माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026, रौल कोड, रौल नं०, रजिस्ट्रेशन नं० आदि अंकित रहेगा। विद्यार्थियों के इस विवरणी में से जिनका परीक्षा आवेदन भरा जाना है, उस विद्यार्थी के विवरण के सामने अंकित चेक बॉक्स पर Click करते हुए इसे Select कर विद्यालय के प्रधान संबंधित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जायेगा। साथ ही जिन विषय/विषयों के बेटरमेन्ट/समुन्नत (Improvement) की परीक्षा देना चाहते हैं, को Select कर एवं फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड कर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जायेगा।

**11. पूर्ववर्ती अभ्यर्थियों (Ex-Candidate) के लिए** –

(i) माध्यमिक परीक्षा वर्ष, 2025 (सत्र 2024–2025) अथवा 2026 (सत्र 2025–2026) के पंजीकृत छात्र/छात्राओं का पंजीयन संख्या वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कोटि के रूप में सम्मिलित होने के लिए मान्य हैं। वैसे पूर्ववर्ती परीक्षार्थी/अभ्यर्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, उनके पूर्व के पंजीयन के आधार पर ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए उनके सभी विषयों के लिए विद्यालय प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जायेगा और परीक्षा शुल्क भी जमा किया जायेगा।

(ii) विद्यालय के प्रधान समिति के वेबसाईट पर अपने यूजर आई0डी एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात् विद्यालय के डैश–बोर्ड के बायीं ओर Fill Exam Form Menu में जाकर Ex-Student Option Select करेंगे। इसके बाद परीक्षार्थी का परीक्षा वर्ष, रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। इसके अनुसार परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर विद्यालय प्रधान संबंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरेंगे।

(iii) इस कोटि के परीक्षार्थी, जो पूर्व वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण हुए हैं, जिन्हें इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा के विषयों में अंक प्राप्त है, को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक Carry On किया जाता है। किन्तु जो परीक्षार्थी पंजीकृत होने के उपरांत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में पहली बार सम्मिलित होंगे, उन्हें इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**12. कम्पार्टमेंटल कोटि एवं एकल विषय (अंग्रेजी) के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए** –

(i) सत्र 2025–26 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2026 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुतीर्ण रहे हों, तो वे प्रथम अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(ii) सत्र 2025–26 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुतीर्ण रहे हों, तो वे दूसरे अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iii) सत्र 2024–25 के लिए पंजीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो माध्यमिक विशेष परीक्षा, 2025 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों (केवल अंग्रेजी लेकर तीन विषय) में अनुतीर्ण रहे हों, तो वे तीसरे अवसर का लाभ लेते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में कंपार्टमेंटल कोटि के अंतर्गत अपने अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iv) ऐसे कोटि के परीक्षार्थियों को इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं है। इसका पूर्व वर्ष का प्राप्तांक ही Carry On किया जाता है। उक्त कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी (Division), ग्रेस अंक एवं अन्य सुविधा का लाभ देय नहीं होगा।

(v) इस कोटि के परीक्षार्थियों का विद्यालय प्रधान स्वयं परीक्षा आवेदन भरेंगे। इसके लिए वे अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से लॉग–इन करेंगे। लॉग–इन करने के पश्चात् विद्यालय के डैश बोर्ड के बायीं ओर Fill Exam Form Menu में जाकर Compartmental ऑप्शन सेलेक्ट करेंगे। परीक्षार्थी का वर्ष 2025/2026 परीक्षा का रौल कोड, क्रमांक एवं पंजीयन अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हो जाएगा। विद्यालय प्रधान संबंधित परीक्षार्थी के विवरण को जाँच कर विषय/विषयों का चयन कर फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**13. सत्र 2026–27 के नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रियाः–** विद्यालय के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के वेबसाइट पर लॉग–इन किया जाएगा तथा सत्र 2026–27 के पंजीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र (खण्ड–A एवं खण्ड–B) डाउनलोड कर सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

**13.1 सत्र 2026–27 के पूर्व के सत्रों के पंजीकृत एवं पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रियाः–** पूर्व सत्रों के पंजीकृत विद्यार्थी, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी अथवा एकल विषय के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होना चाहते हैं, के लिए एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी समिति के वेबसाइट पर अपलोड है, जिसे विद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर डाउनलोड कर लेंगे तथा इच्छुक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

**14. <u>निर्धारित शुल्क जमा करने के संबंध में यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर विद्यालय के प्रधान द्वारा प्रथमतः निर्धारित शुल्क जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा :–</u>**

(i) समिति का पोर्टल "**https://www.biharboardonline.org/**" को Open करेंगे।

↓

(ii) उसके बाद Login Page Open होगा, जिसमें विद्यालय पहले से प्राप्त Login Id तथा Password का उपयोग कर Login करेंगे।

↓

(iii) Login करने के पश्चात् Reg Card पर Click करके सभी पंजीकृत विद्यार्थियों का विवरण दिखेगा।

↓

(iv) विद्यार्थियों का Registration Card प्रिन्ट करने हेतु Check Box में Tick कर Select कर लेंगे तथा "Print Button" पर Click करेंगे, जिसके उपरांत सभी विद्यार्थियों का Registration Card Print हो जाएगा।

↓

(v) परीक्षा आवेदन भरने हेतु "https://exam.biharboardonline.org/" को Click/Open करेंगे।

(vi) उसके बाद Login Page Open होगा, जिसमें विद्यालय पहले से प्राप्त Login Id तथा Password का उपयोग कर Login करेंगे।

↓

(vii) जितने भी Regular/Private विद्यार्थियों का Application Form प्रिन्ट करना है, उसे Check Box में Tick कर Select कर लेंगे तथा "Print Button" पर Click करेंगे, जिसके उपरांत इन सभी विद्यार्थियों का Application Form Print हो जाएगा।

↓

(viii) उसके बाद बायीं तरफ दिए गए Make Payment Menu में जाकर Select Student Category में Student का Category का चयन करेंगे। तत्पश्चात Categorywise (Regular/Private/Ex/Betterment/Compartmental /Single Subject) संख्या अंकित कर विद्यार्थियों का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा फार्म भरना हों। शुल्क भुगतान के बाद Application Form Apply करने हेतु Active हो जाएगा। साथ ही भुगतान संबंधी विवरणी Payment List Menu में देख सकते हैं।

⬇

(ix) Active होने के उपरांत बायीं तरफ दिए गए Fill Exam Form Menu पर Click करेंगे। तत्पश्चात् Select Student Category में सही Category (Regular/Private/Ex/ Betterment/ Compartmental /Single Subject) का चयन कर Application Form को "Apply (Submit)" करेंगे।

⬇

(x) उसके उपरांत विद्यालय Submit किए गए Form को Completed Exam Form Menu में View Button पर Click कर देख सकते हैं।

***नोटः— जिस परीक्षार्थी का Examination Form भरे जाने के मद में निर्धारित शुल्क जमा होगा/रहेगा, उसका ही Examination Form का View Option दिखाई देगा।***

**15.** <u>विद्यार्थियों का पंजीयन कार्ड BSEB UNIQUE ID के साथ जारी किया गया है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि Unique Id के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाय, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर एवं ई—मेल आई०डी० भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर एवं ई—मेल आई०डी० भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय—समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई—मेल आई०डी० पर मिलती रहेगी।</u>

**16.** **<u>रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में</u> :—** पूर्ववर्ती सत्र के जिस विद्यार्थी का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :—

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :—

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो (400 - 500 KB के बीच jpg/jpeg Format में हो) ।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm

Background :- Plain White or Light Green

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

**17.** **<u>परीक्षा शुल्क के भुगतान के संबंध में</u> :—** परीक्षा शुल्क का भुगतान इंडियन बैंक के किसी भी शाखा में ई—चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग/RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

**18.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि (2026—27) के लिए पंजीकृत वैसे विद्यार्थी, जिनका डमी पंजीयन कार्ड में **त्रुटि सुधार तथा डमी पंजीयन कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर** कर बार—बार दिए गए अवसर के बावजूद समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। उनका समिति के पोर्टल पर पंजीयन कार्ड एवं ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा।

**19.** **<u>वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए परीक्षार्थियों की संख्या सहित जमा किए गए पंजीयन/ अनुमति शुल्क तथा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की प्रति जिला षिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में</u> :—** सभी विद्यालय के प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि वे वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए अपने शिक्षण संस्थान के पंजीकृत/अनुमति प्राप्त विद्यार्थियों की कुल संख्या सहित जमा किये गए पंजीयन/अनुमति शुल्क तथा परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने की तिथि समाप्ति के उपरान्त परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की सत्यापित छायाप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**20.** उत्प्रेषण परीक्षा (Sent-up Examination) के संचालन के उपरान्त विद्यालय प्रधान द्वारा उत्प्रेषित (Sent-up) एवं नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) या अनुपस्थित छात्र/छात्राओं की अलग—अलग सूची (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में) समिति (माध्यमिक) कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**21.** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 के लिए नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के जिन विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क जमा करते हुए परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उन्हें उत्प्रेषण (Sent-up Examination) की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्प्रेषित होना अनिवार्य होगा। उत्प्रेषण परीक्षा में अनुपस्थित अथवा नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र कदापि जारी नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक स्वयं जवाबदेह होंगे। ऐसे विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क अधियाचना करने पर संबंधित विद्यालय प्रधान के माध्यम से नियमानुसार वापस कर दिया जाएगा।

**22.** समिति के वेबसाईट **https://exam.biharboardonline.org/ पर User Manual** उपलब्ध रहेगा।

**23.** **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाईः—** जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी

नियमों एवं प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे। साथ ही किसी कारणवश विद्यालय की मान्यता/संबद्धता रद्द हो, अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी हो तथा जो निलंबित हों और ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्व की भाँति किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से मान्यता/संबद्धता निलंबित है, अथवा मान्यता संबद्धता रद्द है या मान्यता संबद्धता वापस ले ली गई हो, तो उन विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं तत्संबंधी शुल्क जमा कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**24.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाइन नं०–9430429722 अथवा E-mail Id : bseb@antiersolutions.com पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

**25.** वर्णित आलोक में सभी विद्यालय के प्रधान, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि उपर्युक्त कंडिकावार वर्णित सभी निदेशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र **दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026 तक** ऑनलाइन भरने/भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–..................................–...................../पटना, दिनांक : ........../........../2026

प्रतिलिपि :

1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी कोटि के माध्यमिक विद्यालयों को ई–मेल/ WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसके लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान का WhatsApp ग्रुप बनाया जाएगा तथा इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाएगा। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।
2. प्रोजेक्ट मैनेजर, ANTIER SOLUTIONS PVT. LTD. को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में निर्धारित किये गये समय के अनुसार उपर्युक्त कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के पंजीकृत वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड है, उनका मूल पंजीयन कार्ड पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। यह भी अनुरोध है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जा सके, इसके लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इस कार्य के लिए स्वीकृत मानवबल की सेवाएँ भी ली जानी सुनिश्चित करेंगे।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान को परीक्षा आवेदन निर्धारित अवधि (दिनांक 25.08.2026 से 16.09.2026 तक) में ऑनलाइन भरने हेतु दैनिक वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग एवं अन्य माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाय।
4. शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, बुद्ध मार्ग शाखा, बिहार स्टेट टेक्सट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन परिसर, पटना– 800001 को उक्त के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5- प्रशाखा पदाधिकारी, कदाचार प्रशाखा (मा०) को वर्णित आलोक में निदेशित किया जाता है कि कदाचार मामले के कारण चिन्हित वैसे परीक्षार्थी जिन्हें वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए वंचित किया गया है, अर्थात् जिनका परीक्षा आवेदन इस परीक्षा के लिए नहीं भरा जाना है, वैसे विद्यार्थियों की विवरणी सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में तैयार कर आई०टी० प्रशाखा (मा०) को अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय।

6. सभी उप सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. सभी नोडल पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
8. (i) उप निदेशक, आई०टी०/सिस्टम एनालिस्ट (माध्यमिक) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्था कराते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति एवं परीक्षा आवेदन भरने में असुविधा न हो। यह भी अनुरोध है कि जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द है अथवा मान्यता/संबद्धता वापस ले ली गयी है तथा

जो निलंबित है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जा सके एवं पंजीकृत जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी पंजीयन कार्ड अपलोड नहीं किया गया है, उनका मूल पंजीयन कार्ड जारी न हो एवं परीक्षा आवेदन न भरा जा सके। इस विज्ञप्ति की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित विद्यालयों के प्रधान, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक को अवगत कराने हेतु समिति के वेबसाईट पर डाल दिया जाए।

(ii) यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी कोटि के माध्यमिक विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसके लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान का WhatsApp ग्रुप बनाया जाएगा तथा इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाएगा। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(iii) साथ ही साथ कार्य की प्रगति के दैनिक अनुश्रवण हेतु एवं अन्य संगत कार्य के लिए अपने स्तर से किसी तकनीकी पदाधिकारी को नामित करते हुए प्रतिदिन की प्रगति से संध्या 06:00 बजे अवगत करायेंगे।

9. प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (मा०) एवं वित्त पदाधिकारी तथा मुख्य लेखा पदाधिकारी (मा०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
10. निदेशक (शैक्षणिक), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को वर्णित आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
11. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई०टी० तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।